# कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप
## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांकः 691 / शैक्षिक / वि0प0 तृतीय बैठक / 2018 दिनांकः 21 / 12 / 2018

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की दिनांक 13 / 12 / 2018 दिन गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न तृतीय बैठक का कार्यवृत्त :**

**बैठक में निम्नवत् उपस्थित हुए :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अवध किशोर, उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय लखनऊ, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रतिकुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 4. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बांदा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 मनीष गौर, आई0ई0टी0 / निदेशक, सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, ए0के0टी0यू0, लखनऊ। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड साइंस एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 आर0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल साइंसेज एवं प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 के0एम0 महापात्रा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 राम नरेश, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं श्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 कृष्ण राज, अधिष्ठाता, उद्भवन हब एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | डा0 एस0के0 गुप्ता, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | श्री जे0के0 द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आर0 के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 पी0के0 कमानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 22. | डा0 एस0के0शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | श्री जे0बी0 बाजपेयी, सहायक कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 24. | प्रो0 प्रमोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | प्रो0 अनिता यादव, प्रभारी, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 27. | डा0 विवेक कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 28. | श्री जमील अहमद, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 29. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 एवं अधिष्ठाता, शैक्षिक किया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 पी0एस0 घोषदस्तीदार, निदेशक, भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान, कानपुर के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 2. | प्रो0 तपोव्रत लहरी, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, इलाहाबाद के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0एन0 सिंह, कुलपति, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 शिशिर सिन्हा, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 अनुपम, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, इलाहाबाद के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 देवब्रत गोस्वामी, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 यदुवीर सिंह, आचार्य, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री एस0जे0 नागर, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति महोदय द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की तृतीय बैठक मे उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 3.01** **विद्या परिषद् की दिनांक जून 09, 2017 दिन शुक्रवार को अपराह्न 02:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न प्रथम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विद्या परिषद ने दिनांक 09/06/2017 को विश्वविद्यालय की सम्पन्न प्रथम बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन का संज्ञान लिया। परिषद् ने यह भी निर्देश दिये कि प्रस्तावित बैठक की कार्यसूची में विगत बैठक की कार्यवृत्त का अनुमोदन एवं कृत कार्यवाही का ब्यौरा ही प्रेषित किया जाय तथा कार्यसूची बनाते समय प्रक्रिया सम्बन्धी विशिष्टताओं का विशेष ध्यान रखा जाये।

**मद सं0 3.02** **विद्या परिषद् की दिनांक अप्रैल 04, 2018 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न द्वितीय बैठक के कृत कार्यवाही पर विचार के सम्बन्ध में।**

विद्या परिषद ने द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया। मद सं0 1.02 (अ) शैक्षिक सम्परीक्षा 'Academic Audit' पर अनुमोदित समिति के

सदस्य मा0 कुलपति, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर के स्थान पर किसी अन्य को सदस्य के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया। शैक्षिक सम्परीक्षा कराने हेतु एक आन्तरिक सब कमेटी के गठन का भी निर्णय लिया गया। उक्त समिति की प्राप्त रिपोर्ट को सम्परीक्षा समिति को भेजकर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कराये जाने पर परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 3.03** **शैक्षिक सत्र 2017–18 में प्रवेशित छात्रों के Course Structure एवं Evaluation Scheme सम्बन्धित बी0टेक0 / एम0टेक0 / एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के विभागों की बोर्ड ऑफ स्टडीज की संस्तुतियों पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद ने सभी विभागों से प्राप्त बोर्ड ऑफ स्ट्डीज के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि विभागों से प्राप्त BOS की संस्तुतियों का परीक्षण अधिष्ठाता, शैक्षिक विभाग के स्तर पर किया जाये एवं यदि कोई त्रुटियाँ हो तो सम्बन्धित विभाग से मिलकर निराकरण कर लिया जाय। परिषद् ने यह भी अपेक्षा की कि BOS में Evaluation Scheme एवं Course Structure तथा Subject code में विभिन्न विभागों के मध्य सामन्जस्य रखते हुए एक रूपता हो। परिषद् ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के Course Structure, Evaluation Scheme व syllabus को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

**मद सं0 3.04** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2018–19 में नवप्रवेशित छात्रों की विधावार स्थिति (Branch wise Status) के विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये सन्तोष व्यक्त किया। परिषद् ने विश्वविद्यालय के लेदर टेक्नोलॉजी एवं बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के प्रवेश में छात्रों की घटती रूचि के दृष्टिगत पाठ्यक्रमों के कोर्स स्ट्रक्चर में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार उच्चीकरण करने का निर्देश दिया।

**मद सं0 3.05** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के शैक्षिक सत्र 2017–18 के परीक्षाफल के विश्लेषण एवं परीक्षा परिषद् (Board of Examination) की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया। परीक्षा परिणामों में सुधार करने पर विशेष बल दिया। सुश्री अपर्णा गौतम, एम0टेक0, प्रथम वर्ष, फूड टेक0 के प्रकरण पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 3.06** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यकमों के शैक्षिक सत्र 2017–18 एवं 2018–19 के अद्यतन सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् अद्यतन सेवायोजन के विवरण से अवगत हुई एवं परिषद् ने औद्योगिकी के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी आवश्यकतानुसार अपने पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए छात्रों को उद्योगों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 3.07** **विश्वविद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा एवं सेवायोजन हेतु निर्गत किये जाने वाली Transcript के प्रारूप पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लिया और प्रस्तुत Transcript के प्रारूप पर कतिपय संशोधन के साथ अपना अनुमोदन प्रदान किया। परिषद् ने यह भी निर्देश दिया कि छात्रों को प्रथम Transcript पर शुल्क रू0 250/– इसके उपरान्त प्रति Transcript शुल्क रू0 150/– विश्वविद्यालय कोष में नियमानुसार देय होगा। जिन छात्रों के द्वारा डाक द्वारा Transcript अपेक्षित होगी उन्हें डाक व्यय अतिरिक्त रूप से देय होगा। परिषद् ने यह भी निर्देश दिया कि छात्रों को यह सुविधा ऑनलाइन परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से अधिकतम 15 दिन के अन्दर उपलब्ध कराया जाये।

**मद सं0 3.08** **एच0बी0टी0यू0, कानपुर की "शोध एवं विकास परिषद्" की बैठक के कार्यवृत्त के विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् उपरोक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 3.09** **एच0बी0टी0यू0, कानपुर की "उद्‌भवन हब" द्वारा किये गये कार्यो के सम्बन्ध में।**

परिषद् उपरोक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 3.10** **विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्षों की विभिन्न बैठकों (शैक्षिक किया कलाप से सम्बन्धित) के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् अधिष्ठाता/विभागाध्यक्षों की विभिन्न बैठकों में लिए गये निर्णय से अवगत हुई एवं अपना अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 3.11 **बी0टेक0 इन्फारमेशन टेक0 विभाग के छात्र श्री रचित सिंघल रोल नं0 1504513016 के द्वारा छठे सेमेस्टर की परीक्षा ICS-604 में अनुचित साधन (Unfair Means) सम्बन्धी लिये गये निर्णय पर पुर्नविचार किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 27.11.2018 के प्रकरण पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने छात्र श्री रचित सिंघल, रोल नं0 1504513016 के आवेदन पत्र पर विचारोपरान्त छात्र को अलग से कोई राहत दिये जाने पर अपनी असहमति व्यक्त की।

मद सं0 3.12 **विश्वविद्यालय (पूर्ववर्ती संस्थान) की शैक्षिक सत्र 2011–12 में प्रवेशित बी0टेक0 सिविल इंजी0 विभाग की छात्रा श्रीमती शालिनी राय, रोल नं0 3104500003 (क्षैतिज प्रवेश) के प्रार्थना पत्र दिनांक 26.11.2018 के माध्यम से कैरी ओवर की परीक्षा में सम्मिलित किये जाने के अनुरोध के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने श्रीमती शालिनी राय, रोल नं0 3104500003 (क्षैतिज प्रवेश) के प्रार्थना पत्र दिनांक 26.11.2018 के माध्यम से कैरी ओवर की परीक्षा में सम्मिलित किये जाने सम्बन्धी मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन का संज्ञान लिया। श्रीमती राय के ए0के0टी0यू0, विश्वविद्यालय में पंजीकृत होने के दृष्टिगत परिषद् ने इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को भी सूचित करने के निर्देश दिये।

मद सं0 3.13 **विद्या परिषद् की तैयारी हेतु की गयी बैठक दिनांक 03.10.2018 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0 08 से सम्बन्धित प्रकरण पर अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये अनुमोदन को परिषद् के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विद्या परिषद् की तैयारी हेतु की गयी बैठक दिनांक 03.10.2018 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0 08 से सम्बन्धित दोनों बिन्दुओं पर मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन का संज्ञान लिया।

मद सं0 3.14 **विश्वविद्यालय में बी0टेक0 के छात्रों को Ex-student के रूप में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 25.07.20118 को सम्पन्न बैठक में अध्यक्ष, विद्या परिषद् द्वारा दिये गये अनुमोदन को परिषद् के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त प्रकरण पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि जिन छात्रों की उपस्थिति गत सेमेस्टर में 75 प्रतिशत (चिकित्सीय अवकाश के साथ 60 प्रतिशत) से न्यून न हो, उन्हें ही Ex-student के रूप में प्रवेश की अनुमति दी

जाये। सभी Ex-student आवश्यक फीस जमा कर निर्धारित पंजीयन की अवधि में अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

**मद सं0 3.15** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 विधाओं के अध्यादेशों के संशोधित प्रारूप पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विचारोपरान्त बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 विधाओं के संशोधित अध्यादेशों पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये अन्तिम रूप देने हेतु विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति की अध्यक्षता में निम्नलिखित समिति का गठन किया :

1. प्रति कुलपति
2. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग
3. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी
4. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइसेस
5. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ एच0एस0एस0
6. कुलसचिव

परिषद् ने समिति से प्राप्त संशोधित अध्यादेशों पर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया तथा यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यादेशों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाये।

**मद सं0 3.16** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 3.16.01** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में कैरी ओवर परीक्षायें सम्पन्न किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सभी विभागों के सभी सेमेस्टर में लागू कोर्स (आवश्यकतानुसार) पर कैरी ओवर परीक्षा माह जून के अन्तिम सप्ताह अथवा जुलाई के प्रथम सप्ताह में नियमानुसार कराये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की।

**मद सं0 3.16.02** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में इन्टर्नशिप के दृष्टिगत पंजीयन हेतु अतिरिक्त समय दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के इन्टर्नशिप में प्रतिभाग लेने वाले छात्रों को समुचित विवरण प्रस्तुत करने पर विषम सेमेस्टर के प्रारम्भ में पंजीकरण हेतु 15 दिन का अतिरिक्त समय बिना किसी अतिरिक्त पंजीयन शुल्क के अनुमन्य किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 3.16.03** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में सीटों की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की क्षमता वृद्धि पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की।

**मद सं0 3.16.04** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में संचालित पाठ्यक्रमों के अध्यादेशों में मा0 कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा प्रदत्त क्रमशः तीन–तीन पदकों की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने संचालित पाठ्यक्रमों के अध्यादेशों में विश्वविद्यालय स्तर पर महामहिम कुलाधिपति तथा स्कूल स्तर पर कुलपति द्वारा प्रदत्त तीन–तीन पदकों क्रमशः गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य को प्रदान किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**(आनन्द कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद

**(नरेन्द्र बहादुर सिंह)**
कुलपति एवं अध्यक्ष विद्या परिषद